

# कंटेनर से टकराई स्कॉर्पियो, चार की मौत, तीन घायल

### राजस्थान बॉर्डर पर हुआ गंभीर हादसा

**नीमच, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** महू-नसीराबाद हाईवे पर एक कंटेनर से स्कॉर्पियो टकरा गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। जबकि, तीन लोग घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसा मध्यप्रदेश-राजस्थान की सीमा पर रविवार रात करीब 11 बजे हुआ। सभी लोग उज्जैन के रहने वाले हैं। इनकी उम्र 18 से 27 साल के बीच है। ये लोग सांवरिया सेठ के दर्शन करने जा रहे थे।

पुलिस के मुताबिक उज्जैन जिले के इंगोरिया गांव के रहने वाले सात लोग स्कॉर्पियो से सांवरिया सेठ दर्शन के लिए निकले थे। रात करीब 11 बजे वे नीमच जिले के नयागांव से कुछ दूर चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा कोतवाली क्षेत्र में पहुंचे। यहां बांगरेड़ मामादेव गांव के पास तेज रफ्तार गाड़ी सड़के के दूसरी लेन में सामने से आ रहे कंटेनर में जा घुसी।

### पहले डिवाइडर से टकराई कार...

उज्जैन जिले के इंगोरिया गांव के सात युवक स्कॉर्पियो में सवार होकर सांवरिया जी के दर्शन के लिए जा रहे थे। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पहले सड़क के डिवाइडर से टकराई। बाद में दूसरी लेन में सामने से आ रहे कंटेनर में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो का एक साइड का हिस्सा पूरी तरह से पिचक गया।

**इनकी हुई मौत**–हादसे में स्कॉर्पियो में सवार गौरव कुमार पवार, अनिल भांबी, राजा और संजू भांबी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दीपक, योगेश और सुनील गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को निंबाहेड़ा अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उदयपुर रेफर कर दिया। सूचना पर चित्तौड़गढ़ के एएसपी बद्रीलाल राव भी मौके पर पहुंचे। चारों के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंप दिए गए।


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 186 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 22 अप्रैल 2025 | मूल्य 2 रुपया







# आईपीएल की स्टाईल में बढ़ रहा सोना



## पहुंच गया 96 हजार के पार, एक लाख पहुंचने की संभावना

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। जिस तरह से आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में नीत नए कीर्तिमान और रिकॉर्ड बन रहे हैं, उसी तरह से सोना भी रोज रिकॉर्ड तोड़ रहा है। बात कर रहे हैं सोने के भाव की। सोने ने शनिवार को अच्छी खासी बढ़ोतरी के साथ 95 हजार रुपए प्रति दस ग्राम को क्रास किया। इसके बाद रविवार को अवकाश के बाद सोमवार को बाजार खुलते ही 96 हजार को पार कर गया। यह सोने का अभी तक का उच्चतम भाव है। तीन माह से हर दिन बढ़ रहे सोने के दाम ने नया रेकॉर्ड कायम कर लिया है। पहली बार सोने के भाव 96 हजार 200 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास पहुंच गए। इसी तरह चांदी के भाव भी दूसरी बार 98 हजार रूपए प्रति किलो के आसपास हो गए हैं। सोने-चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी का क्रम नए साल की शुरुआत के साथ ही हुआ, जो अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा है।**

कारोबारियों का मानना है कि मई माह में सोना एक लाख रुपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच सकता है। बाजार के जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय कारणों से सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उछाल आ रहा है। जहां एक साल पहले फरवरी 24 में सोने का भाव 60 हजार रूपए प्रति 10 ग्राम था वही चांदी का भाव 75 हजार रुपए किलो के आसपास था। लगातार बढ़ती सोने चांदी की कीमतों ने अप्रैल माह में तेजी दिखाई। माह की पहली ही तारीख से वर्तमान में चल रहे भाव की बात करें तो सोने ने करीब 05 हजार रुपए प्रति दस ग्राम के आसपास का रिटर्न दिया है। फरवरी में सोना 84 हजार 400 रुपए दस ग्राम और चांदी 94 हजार 750 रुपए किलो थी। कारोबारियों के अनुसार इन धातुओं के दाम में तेजी अभी भी बनी हुई है। भाव में गिरावट आने के बारे में अभी कुछ कह नहीं सकते, जिससे आने वाले समय में सोने-चांदी की कीमतों में और तेजी बनी रहेगी। व्यापारियों ने बताया की रोजाना चांदी और सोने के भाव बढ़ रहे है।

### सोमवार को आठ सौ रुपए बढ़े दाम...

मौसम की तरह सोना-चांदी के दाम में भी रोज उलट फेर हो रहा है। दोनों धातुओं के भाव रोज बदल रहे हैं। इसके चलते सोना नए स्तर को छू रहा है। चांदी भी पुन: एक लाख के आंकड़े को पार करने को बेकरार है। स्थानीय बाजार में सोमवार को सोना व चांदी के दाम में आठ सौ रुपए की तेजी देखी गई। इसके चलते सोमवार शाम पांच बजे तक सोना अब तक के सर्वोच्च स्तर 96 हजार 200 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गया। चांदी लगभग 98 हजार रुपए प्रति किलो पहुंच गई। बीते दस दिनों की अगर बात करें तो सोने के दाम में लगातार तेजी जारी है। वहीं चांदी में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इस दौरान सोने में पांच हजार रुपए प्रति दस ग्राम से ज्यादा व चांदी में भी साढ़े चार हजार रुपए प्रतिकिलो से ज्यादा का उछाल आया है। दस दिन पूर्व सोना 90 हजार 800 रुपए प्रति दस ग्राम व चांदी 93 हजार 500 रुपए प्रतिकिलो थी।

### बढ़ गया सोने में निवेश...

सराफा बाजार के जानकारों की माने तो निवेशक भी अब सोना एक लाख तक पहुंचने की संभावना को देखते हुए निवेश कर रहे है। निकट भविष्य में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट की संभावना कम बन रही है। शादी ब्याह के लिए 90 हजार रूपए प्रति 10 ग्राम के भाव में सोने के जेवर बना कर देने की बुकिंग कर रखी थी, अब इतने महंगे भाव में उनका जेवर तैयार कर कर ग्राहकों को देना पड़ रहा है। जिस तरह से दाम बढ़ रहे है, उससे लगता है यह मई अंत तक एक लाख रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच सकते है।



# दोपहर में बाजार हुए सूनसान, गर्मी से हाल बेहाल

## अप्रैल के अंत में और आएगी धूप में तेजी

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। अप्रैल में ही गर्मी ने मई का अहसास करा दिया है। अभी अप्रैल पूरा भी नहीं हुआ है कि माह के अंत में गर्मी में और ज्यादा तेजी आने की आशंका जताई जा रही है। अब इस सप्ताह में मौसम विभाग ने तापमान में अत्यधिक वृद्धि होने की संभावना जताई है।**

अंचल में गर्मी अपने रेकॉर्ड स्तर पर अगले सप्ताह रहने वाली है। इस दौरान हीटवेव भी चलेगा। 25 से 28 अप्रेल के बीच में तापमान 44 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। ऐसा हुआ तो अंचल में अप्रैल का अब तक का सबसे अधिक तापमान रहेगा। अंचल में हर दिन के साथ तपिश बढ़ रही है। अप्रेल माह के अंतिम दौर में सूर्य की तेज धूप लोगों को खूब तपाने वाली है। गर्मी बढ़ने के साथ लू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ कलेक्टर ने भी एडवायजरी जारी कर दी है। सोमवार को भी दिनभर बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। चौराहे सुनसान रहे।

जिले में गर्मी अपने रेकॉर्ड स्तर पर है। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखाएंगी। सोमवार को तापमान जहां 41 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान भी 23 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाला सप्ताह जिलेवासियों को खूब तपाने वाला है। गर्मी जिले में अब तक के अपने रेकॉर्ड स्तर पर रहेगी। ऐसा मौसम विभाग का अनुमान है। 22 व 23 अप्रेल 41, 24 अप्रैल को 41 डिग्री अधिकतम तापमान रहने का अनुमान है। लेकिन, 25 अप्रैल को इसमें अत्यधिक बढ़ोतरी होकर यह 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। 26, 27 व 28 अप्रैल को 44 डिग्री से अधिक तापमान रह सकता है। इस दौरान न्यूनतम तापमान भी 24 से 27 डिग्री तक रहेगा। इस दौरान हीटवेव का असर भी अधिक रहेगा।

# जो खुद अनट्रेंड वो जिम में दे रहे फिटनेस के टिप्स, सुधरने की जगह बिगड़ रही हेल्थ

**इंदौर/उज्जैन, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। सेहत को लेकर अब हर आयु वर्ग के महिला व पुरुष जागरूक हैं। फिट रहने की चाहत में बड़ा वर्ग जिम जा रहा है। लेकिन, नगर के एक जिम में वर्कआउट के दौरान दिल का दौरा पड़ने से एक की मौत ने सब को चौंका दिया है। वर्तमान में शहर में जितने जिम सेंटर संचालित हैं, अधिकांश में अप्रशिक्षित ट्रेनर लोगों को फिटनेस के टिप्स दे रहे हैं।**

सवाल यह है कि जो खुद सीख रहा हो वह अन्य को कैसे फिट रहने के गुर सिखाएगा। स्थानीय जिम संचालक तो ऐसे ही काम वर्षों से चला रहे हैं और अब एक दर्जन से अधिक नामचीन जिम सेंटरों का भी यही हाल है। स्तरीय कोच के अभाव में प्रशिक्षणार्थी मसल्स बनाने व पावर लिफ्टर बनने की चाह में शार्टकट का फार्मूला अपना रहे हैं और हेवी वेट के फेर में जान जोखिम में डाल रहे हैं। आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार की सुविधा तक नहीं है।

### जिम में हार्ट अटैक के प्रमुख कारण...

अत्यधिक तीव्रता वाले व्यायाम जो रक्तदाब को असामान्य रूप से बढाते हैं, उन्हें बिना अनुकूलता के करना जैसे तेज गति की दौड़ या साइकिलिंग या अत्यधिक भार के साथ कसरत करना। ऐसे लोग जिन्हें मधुमेह, उच्च रक्तचाप या हृदय संबंधी समस्याओं का परिवारिक इतिहास हो। ऐसे लोगों को अतिरिक्त एहतियात बरतना चाहिए।

### ऐसे व्यायाम करना नुकसान देह...

अत्यधिक स्मोकिंग, मद्यपान, असंतुलित आहार और मानसिक तनाव, अत्यधिक तीव्रता वाले व्यायाम में शरीर में खनिज लवणों और पानी की कमी, बिना सही वार्मअप के व्यायाम, किसी प्रामाणिक प्रशिक्षक के मार्गदर्शन के बिना व्यायाम करना और प्रशिक्षक को शरीर की चिकित्सकीय स्थिति के विषय में ना बताना या प्रशिक्षक द्वारा बिना जानकारी लिए व्यायाम करवाना नुकसानदेह साबित हो सकता है।

किसी भी प्रकार के व्यायाम को करने से पहले शारीरिक दक्षता के सभी घटकों का परीक्षण करें, किसी भी प्रकार की शक्ति वर्धक दवाओं का इस्तेमाल बचना चाहिए। अनुभवी और प्रामाणिक प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में ही व्यायाम करें और अपनी चिकित्सकीय स्थिति के विषय में प्रशिक्षक को अवश्य अवगत कराना आवश्यक है।

### कार्डियक फिटनेस की जांच करानी चाहिए...

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भाविक धीरावाणी कहते है कि हर जिम में सीपीआर और एईडी की सुविधा और प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। जिम में प्रवेश करने से पहले 40 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को कॉर्डियक फिटनेस की जांच करानी चाहिए। हल्के लक्षणों को भी हल्के में न लें। जिम स्टाफ को प्राथमिक चिकित्सा का नियमित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य की देखभाल केवल अस्पताल तक सीमित नहीं है। यह हर जगह, हर दिन जरूरी है। जागरूक रहें और जीवन की रक्षा करें।



### नई जिम में हो रहा एसी का उपयोग...

हेल्थ एजुकेशन विशेषज्ञ डॉ. सुशील कुमार शर्मा का कहना है कि जिम अब आधुनिक रूप ले चुके हैं। ऐसे में ट्रेनर यदि अनुभवी व क्वालीफाइड नहीं होगा तो वह प्रशिक्षुओं के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। अत: शारीरिक शिक्षा का कोर्स ट्रेनर के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। आधुनिक जिम में एसी का इस्तेमाल होने लगा है। जिससे बाहर और अंदर के तापमान में बहुत अंतर होना स्वाभाविक है। खुद को फिट रखने भर से बात नहीं बनती, बल्कि शारीरिक क्षमता का ज्ञान भी आवश्यक है।

# बड़े अस्पताल पहुंचे विधायक

## मरीजों ने लगाए स्टॉफ पर बदतमीजी के आरोप



**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** रविवार रात विधायक विपिन जैन ने बड़े अस्पताल का औचक निरीक्षण कर जिम्मेदारों को फटकार लगाई। फतेहगढ़ के सरकारी स्कूल में फूड प्वाइजनिंग से बीमार हुए मरीजों को शनिवार दोपहर बड़े अस्पताल रेफर किया गया था। रात में वार्ड में भर्ती मरीजों ने इलाज की गुहार लगाई। लेकिन, नर्सिंग स्टाफ ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। परेशान मरीजों ने विधायक से शिकायत की थी।

विधायक ने मौके पर सीएमएचओ जीएस चौहान और सिविल सर्जन डॉ. डीके शर्मा को बुलाकर मरीजों से बात करवाई। अस्पताल में मिली अव्यवस्थाओं पर विधायक ने नाराजगी जताई। दोनों अधिकारियों ने मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करने वाली नर्सों के खिलाफ कारवाई का आश्वासन दिया। विधायक जैन ने बताया कि वे फूड पॉइजनिंग से बीमार मरीजों से मिलने आए थे। अस्पताल में कई अव्यवस्थाएं मिलीं, जिस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# लहसून-प्याज ने फिर किसानों को ठगा..!

## पच्चीस हजार से आठ हजार रुपए पहुंचे दाम



**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान में एक बार फिर प्याज किसानों को रुला रहा है। इधर लहसुन भी धरतीपूत्र को निराश कर रही है। कृषि उपज मंडी में तीन माह पहले जो आवक लहसुन की हो रही थी। वह अभी भी बरकरार है। लेकिन, तीन माह पहले के दामों की बात करें तो लहसुन के दाम 20-25 हजार रुपए प्रति क्विंटल मिल रहे थे। लेकिन, अब अधिकतम दाम 08 हजार रुपए प्रति क्विंटल हो गए है। वहीं प्याज की बात करें तो अच्छी गुणवत्ता के प्याज 800 से 900 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहे हैं। वहीं प्याज के न्यूतनम भाव 250 से 300 रुपए प्रति क्विंटल हैं। प्याज के दामों में तीन माह में करीब 2500 से 3000 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट हुई हैं।

आदर्श मंडी कही जाने वाली मंदसौर की कृषि उपज मंडी में मंदसौर के अलावा प्रदेश के कई हिस्सों और राजस्थान से भी किसान अपनी उपज बेचने के लिए आते हैं। तीन माह पहले जब लहसुन के दाम 20 से 25 हजार रुपए प्रति क्विंटल थे, तब भी आवक तेज बनी हुई थी और अब भी आवक बंपर ही हैं। लेकिन आगे मांग कमजोर होते ही दामों में गिरावट का सिलसिला बना हुआ है। दिसंबर-जनवरी माह में चार हजार रुपए प्रति क्विंटल तक बिक रहे प्याज के दाम अब 1000 तक भी नहीं बचे है। मंडी में अच्छी क्वालिटी के प्याज के 900 से अधिक भाव में नहीं मिल रहे हैं। अन्य जगहों से आए किसानों ने बताया कि अच्छी गुणवत्ता के प्याज बेचने के लिए मंदसौर मंडी आए है। यहां बेहतर दाम मिलने की उमीद थी। लेकिन, हमारे प्याज 900 रुपए क्विंटल के भाव बिके हैं। लहसुन व प्याज के दाम बहुत कम मिल रहे हैं। लागत भी निकालना मुश्किल हो रहा हैं।

मंदसौर मंडी में लहसुन के दाम इसी साल जनवरी माह में 25 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए थे। अब लगातार लहसुन के दामों में गिरावट हुई हैं। अभी अच्छी गुणवत्ता की लहसुन के दाम किसानों 07 से 08 हजार रुपए प्रति क्विंटल मिल रहे हैं। मंडी में सबसे ज्यादा लहसुन की आवक बनी हुई हैं। अभी भी 20 हजार कट्टे लहसुन की आवक प्रतिदिन हो रही हैं।

# संघ पदाधिकारियों की दिल्ली में बैठक क्या हुई, नए मुख्यमंत्री की गतिविधियां अचानक बढ़ गई...

**मंदसौर/उज्जैन, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** एक सप्ताह पहले भाजपा के कट्टर समर्थक माने जाने वाले 'आपका अखबार' के संपादक प्रदीप सिंह ने अपने चैनल पर बताया था कि दिल्ली में संघ के पदाधिकारियो की एक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश तथा प्रदेश की सरकारों के कामकाज को लेकर बीते दिनों हो चुकी है। इसी बैठक के संदर्भ के सहारे ही ये बात आम हो गई थी कि अनेक प्रदेशों के नए मुख्यमंत्री को भी अध्यक्ष चयन के साथ ही बदला जा सकता है। तभी से भाजपा की राजनीति में हलचल मची हुई है। यह सर्वविदित है कि प्रदीपसिंह स्थापित वरिष्ठ पत्रकार हैं। अपने वीडियो में जो भी कहते, लिखते हैं समकक्षों और श्रोता व पाठक वर्ग में माना जाता है।

इसी कारण 'आपका अखबार' चैनल से निकली ये खबर कि राज्यों के नए मुख्यमंत्री को बदला जा सकता है। प्रभावित सभी राज्यों के राजनीतिकों में हलचल मचा गई है। इसमें मध्य प्रदेश भी शामिल है। इसके अलावा हाल ही में घोषित दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से लेकर मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम को शामिल माना जा रहा है।


चन्द्रमोहन भगत

राजनीतिक नजरिए से देखें तो मध्य प्रदेश में इस खबर का बड़ा और थोड़ा ज्यादा असर नजर आया है। इसके कारण भी है कि देश की राजधानी के राजनीतिको में यह माना जाता है कि 'आपका अखबार' बीजेपी समर्थक है और खासकर सरकार के दोनों शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों नेताओं का अत्यंत करीबी माना जाता है। अत: इनकी प्रसारित खबर को भाजापाई पुख्ता भी मानते हैं।

इस नए मुख्यमंत्री को बदले जाने वाले एपिसोड के बाद जब 06 अप्रैल को भाजपा के पूर्व संगठन महामंत्री संजय जोशी के जन्मदिन पर मध्य प्रदेश, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे सिंधिया का मिलना भी इस खबर का तापमान बढ़ा गया है। यह जानते हुए दोनों पूर्व मुख्यमंत्री ने संजय जोशी से मिलने की हिम्मत दिखाई है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह दोनो ही संजय जोशी से फोन पर बात करने वालों को भी मुख्य लाइन से हटाकर लूप लाइन में पटक देते हैं। वसुंधरा राजे तो ऐसी हिम्मत पहले भी दिखा चुकी है पर शिवराज सिंह पहली बार गुजराती डबल इंजन के प्रभाव के विपरीत जोशी से जन्मदिन पर मुलाकात कर आए हैं।

इधर मध्य प्रदेश की मोहन सरकार के खिलाफ मंत्रिमंडल के सदस्य और सांसदों से लेकर पूर्व के समकक्ष युवा मोर्चा, परिषद के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी गहराते जा रही है। असर साफ दिख रहा है कैबिनेट मंत्रियों का वित्त नीतियों पर सवाल उठाना। सांसद चिंतामण मालवीय का सिंहस्थ मेला क्षेत्र का मामला विधानसभा में उठाना। हाल ही में नीमच यात्रा के दौरान संगठन पदाधिकारियों की अवहेलना का सार्वजनिक विरोध होना, सतही घटनाएं है। जो इशारा कर रही है कि कुछ ना कुछ होने वाला है।

ऐसा तब हो रहा है कि प्रदेश सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव तीसरी बार के अति साक्षर विधायक हैं। जबकि, राजस्थान के भजनलाल शर्मा तो पहली बार विधायक बन मुख्यमंत्री बने हैं तो हरियाणा के नायब सैनी दूसरी बार विधायक बने हैं, उनके अनेक मंत्री उनसे बहुत सीनियर हैं। सिर्फ छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु सहाय पहले तीन बार सांसद भी रह चुके हैं। समय बताएगा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ किन मुख्यमंत्रीयों को बदला जाता है या बेहतर काम करने के लिए समय दिया जाएगा।

## बाहुबली से डरी महिला अधिकारी, 10 का दिया पैकेज!




**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिला वैसे तो अधिकारियो के लिये हमेशा से उर्वरा रहा हैं। लेकिन, इन दिनों जो मामला सुर्खियों में हैं वह एक महिला अधिकारी ओर बाहुबली के बीच का बताया जा रहा हैं। वैसे भी बाहुबली नीचे से ऊपर उठा हैं। इसलिए वह जानता हैं कि कौन कौन से मामले में लेनदेन किया गया है। चम्बल पार के इस बाहुबली ने महिला अधिकारी को अपने क्षेत्र से भगाने की कवायद शुरु की। इसकी जानकारी जब अधिकारी को मिली तो सेकंड रेंक महिला अधिकारी डरकर बाहुबली के देवरे पर धोक देने पहुंच गई। मजे की बात तो यह हैं कि अधिकारी ने बाहुबली को 10 पेटी का नजराना भी पेश कर दिया। हालांकि, यह अलग बात हैं कि बाहुबली के चाहने से इस सेकंड रेंक अधिकारी का कुछ नहीं बिगड़ना था। लेकिन, डर का क्या करें...!

## भागवत कथा के बाद किया देवी हवन यज्ञ तीसरा भण्डारा संपन्न : पं.सुशील महाराज

**भोपाल ( नप्र)।** मां शीतला माता मंदिर पर संपन्न हुई सफल श्रीमद् भागवत कथा के बाद आज दिनांक 19-4-2025 को कार्यकर्ताओं के सम्मान में श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम में पं0सुशील महाराज द्वारा देवी हवन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। श्रीमद् कथा के तीन भण्डारा आयोजित किए गये।पहला भण्डारा भागवत पाण्डाल में कथा समापन दिवस 14 अप्रैल को संपन्न हुआ।दूसरा भण्डारा 15 अप्रैल को श्री हनुमान सेना को करवाया गया।तीसरा भण्डारा देवी हवन यज्ञ करके 19 अप्रैल को कार्यकर्ताओं को सपरिवार खिलाया गया।भागवत कथा कार्यक्रम के संरक्षक श्री विजय सिंह एवं श्री श्याम सुंदर शर्मा व श्री मायाराम अटल के मतानुसार भागवत कथा में उपलब्ध शेष सामग्री से कार्यकर्ताओं को सपरिवार भण्डारा भंण्डारा खिलाया गया।श्री कृष्णा राठौर द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी आगंतुकों को चंदन का तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। वहीं श्री मायाराम अटल द्वारा देवी हवन यज्ञ पूर्ण होने पर मातारानी का चुनरी पट्टा कार्यकर्ताओं के गले में पहनाकर सम्मानित किया गया।श्री संतोष जैन एवं शुभम पाण्डेय व श्री लखन परमार द्वारा सभी देवी-देवताओं को दीपदान किया गया।श्री कृष्णा पाण्डेय एवं च्यवन प्रकाश पाण्डेय द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को श्री हरि रक्षा कवच+ वितरण किये गये।श्री पी डी सोनी ने सभी कार्यकर्ताओं को भागवत कथा सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।एवं श्री अनूप पाण्डेय ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

**भोपाल निप्र।** शहर में चाकूबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार देर शाम अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में एक बार फिर आपसी रंजिश का मामला हिंसा में तब्दील हो गया। तीन बदमाशों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि घायल युवक सोहेल मेवाती की शिकायत पर पुलिस ने आकिब, अमन बच्चा और अन्नू बच्चा के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि फरियादी और आरोपी पहले ऐशबाग इलाके में साथ रहते थे और आपस में लेनदेन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। शनिवार को इसी रंजिश को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले गई। आरोप है कि आकिब, अमन और अन्नू ने मिलकर सोहेल की कलाई और माथे पर चाकू से वार किए और मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने नव दम्पति को दिया आशीर्वाद

**भोपाल ( नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर में विधायक श्री मधु वर्मा और पूर्व पार्षद श्री बलराम वर्मा के परिवार में आयोजित विवाह समारोह शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिं.मलय और सौ. कां.डॉ. तृषा को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखद, स्वस्थ एवं सफल दांपत्य जीवन की मंगलकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्रीमती मालिनी गौड़ सहित श्री गोलू शुक्ला, श्री सुमित मिश्रा, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं श्री मधु वर्मा के परिवारजन भी उपस्थित रहे।




## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में नीमच जिला प्रदेश में टॉप जिलों में शामिल

**नीमच, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सीएम हेल्पलाईन पोर्टल्स पर प्राप्त शिकायतो में माह मार्च 25 की ग्रेडिंग मंब कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिला लगातार पांचवी बार ए ग्रेड के साथ प्रदेश में चौथा स्थान पर शामिल हुआ है।

जिला प्रबंधक श्री आशीष जैन ने बताया, कि माह मार्च 25 में 3071 प्राप्त शिकायतो में से संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज (60%) में से 49.82 % एवम 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज (20%) में से 14.26 % कुल वेटेज 83.80 % के साथ नीमच जिले को ए रेटिंग प्राप्त हुई। समूह बी में 27 जिलो में जिला चौथे स्थान रहा हैं। उल्लेखनीय है, कि कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर किरन आंजना द्वारा माह में समस्त विभागों की शिकायतों के निराकरण के लिए सतत मॉनिटरिंग की गई। साथ ही शिकायतकर्ता को भी अवगत करवाया। फलस्वरुप आवेदकों द्वारा शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद करवाया गया है इसी का परिणाम है, कि नीमच जिला सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में चौथा स्थान हासिल कर पाया हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय नीमच जिले के सभी जिला अधिकारियों एवं उनकी टीम तथा सभी अधिकारी कर्मचारियों को दिया हैं।

# न्यूनतम वेतन के एरियर्स का भुगतान सुनिश्चित करने सहित कई मांगों को लेकर सीटू ने दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) जिला शाखा मंदसौर द्वारा मध्यप्रदेश शासन के श्रमायुक्त के नाम ज्ञापन श्रम कार्यालय पहुंचकर लेबर इंस्पेक्टर को देकर न्यूनतम वेतन के एरियर्स का भुगतान सुनिश्चित करने सहित अन्य मांगें की गई। ज्ञापन में वाचन सीटू महासचिव बालूसिंह ने किया। ज्ञापन में कहा कि पिछले न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण की प्रक्रिया व परिणाम को देखने से स्पष्ट है कि उसमें प्रदेश के श्रमिकों के वैधानिक अधिकार पर कुठाराघात हुआ है। न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत पांच वर्ष में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण के प्रावधान का पालन मध्यप्रदेश सरकार ने नहीं किया। नवंबर 2019 से यह पुनरीक्षण किया गया लेकिन इसके हितलाभ 01 अप्रैल 2024 से दिए गए, इससे श्रमिकों को भारी क्षति पहुंचाई गई। वहीं 1 अप्रैल 2024 से प्रभावशील इन पुनरीक्षित दरों को कानूनी लड़ाई में उलझा दिया गया, जिसका निराकरण माननीय म प्र उच्च न्यायालय के इंदौर खंडपीठ में 10 फरवरी 2025 की अंतिम सुनवाई के बाद 21 फरवरी को घोषित निर्णय के जरिए हुआ। आपके कार्यालय से 28 फरवरी 2025 को जारी परिपत्र से समूचे मध्यप्रदेश में 01 अप्रैल 2024 से पुनरीक्षित वेतन प्रभावशील हो गया। यह स्पष्ट है कि मार्च 2025 का वेतन, जिसका भुगतान अप्रैल 2025 में हुआ, बढ़ी दरों के साथ होने के साथ 01 अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक एरियर्स का भुगतान होना था। मध्य प्रदेश के बड़े हिस्से में बढ़ी हुई दरों से वेतन भुगतान तो हुआ है लेकिन एरियर्स का भुगतान नहीं हुआ। स्पष्ट है कि न्यूनतम वेतन कानून के दायरे में आने वाले लाखों औद्योगिकश्रमिक, दैनिक वेतन भोगी ठेका, आउटसोर्सिंग कर्मियों, संविदा कर्मी को वैधानिक रूप से देय राशि को हड़पा जा रहा है। जहाँ जहाँ औद्योगिक श्रमिक, ठेका, श्रमिक, आउटसोर्सिंग कर्मी दैनिक वेतन भोगी, संविदा बढ़ी हुई दरों से एरियर्स के भुगतान की मांग अपने-अपने नियोजकों से कर रहे हैं, वहां उन्हें न सिर्फ प्रताड़ित किया जा रहा है, बल्कि कई जगह तो उन्हें नौकरी से भी निकाला जा रहा है। ऐसी स्थिति में न सिर्फ आपके प्रभावी हस्तक्षेप की जरूरत है, बल्कि एरियर्स के भुगतान हेतु प्रभावी कदम उठाने की भी जरूरत है। इसलिए हमारी मांग है कि-

01 अप्रैल 2024 से बढ़ी दरों से वेतन के एरियर्स के भुगतान हेतु श्रम विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जाए। इस संबंध में श्रम विभाग की ओर से कोई हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए जहां एरियर्स के भुगतान न होने की स्थिति में शिकायत दर्ज हो सके। तीन नए



नियोजन जनवरी 2025 में बने हैं। यह न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण नवंबर 2019 के आधार पर पांच वर्ष के लिए (अक्टूबर 2024 तक) हुआ। इस अवधि में टेक्स्टाइल संबंधी नियोजन पुराने अधिसूचित नियोजनों में शामिल थे। इसलिए इन नियोजनों में भी बढ़ी दरों के एरियर्स सहित विधिसम्मत भुगतान हेतु श्रम विभाग समुचित कदम उठाए। नवम्बर 2019 से मार्च 2024 तक के एरियर्स के भुगतान के लिए भी समुचित प्रक्रिया चलाई जाए। अक्टूबर 2024 में पूर्व के पुनरीक्षण के पांच वर्ष पूर्ण हो गए, इसलिए नए पुनरीक्षण की प्रक्रिया तुरंत प्रारंभ की जाए। इस पुनरीक्षण हेतु यह भी स्पष्ट निर्णय किया जावे की जब भी पुनरीक्षण प्रक्रिया सम्पन्न हो, लेकिन भुगतान उसी दिनांक से हो, जिस दिनांक को पुनरीक्षण की अवधि (यानी पूर्व के पुनरीक्षण के पांच वर्ष पूर्ण हो) प्रारंभ हो जाती है।

ज्ञापन में मांग की कि लाखों श्रमिकों व कर्मियो को वैधानिक रूप से देय एरियर्स तथा बढ़ी दरों से भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु सक्षम कार्रवाई करेंगे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो श्रमिकों-कर्मियों में बढ रहे असंतोष औद्योगिक शांति के लिए खतरा बन जावेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश के नियोजक वर्ग व श्रम विभाग की होगी। इस अवसर पर सीटू के अध्यक्ष अशोक सौलंकी, महासचिव बालूसिंह, नगरपालिका के शाकीर, तुलसीराम पढ़ाईपंथी, बंटी कहार, मुनव्वर अली, धर्मेन्द्र कहार, पोखर, हेमंत सुखलिया, जसवंत सिंह देवड़ा, दुर्गाशंकर कुमावत, भूपेन्द्र सौलंकी, सतीश कोड़ावत, मुकेश माली, देवीलाल माली, मनोहर, जगदीश कहार, दीपक, आरआरबी से दीपक डगवार, टीकमचंद, प्रहलाद माली, भंवरलाल, बाबूलाल खिंची, विनोद बैरागी, राजेश प्रजापत, शेरसिंह, रमेश माली, विजय भावसार, दिनेश माली, प्रेमसिंह चन्द्रावत, दीपक शर्मा आदि उपस्थित थे। अंत में आभार सीटू महासचिव बालूसिंह ने माना।

# मप्र विधानसभा कृषि विकास समिति का दौरा प्रारंभ



**नीमच, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** किसानों की उपज को बढावा देने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने और दुग्ध उत्पादन में वद्धि के उपायों को लेकर म.प्र.विधानसभा की कृशि विकास समिति का अध्ययन दौरा 21 अप्रैल को केरवा डेम भोपाल स्थित म.प्र.राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम केन्द्रीय वीर्य संग्रहण केन्द्र से प्रारंभ हुआ। समिति 23 अप्रैल तक भोपाल व उज्ञैन संभाग के मंदसौर-नीमच जिले का दौरा करेगी।

समिति सभापति विधायक दिलीपसिंह परिहार के नेतृत्व में 11 सदस्यीय समिति की दौरे की शुरूआत म.प्र.विधानसभा में प्रारंभिक चर्चा से की, जिसके बाद समिति सदस्य प्रात: 11 बजे केरवा डेम भोपाल स्थित म.प्र.राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम केन्द्रीय वीर्य संग्रहण केन्द्र पहुंचे जहां पशुधन और कुक्कुट विकास योजनाओं, वीर्य संग्रहण प्रक्रिया एवं गुणवत्ता के रखरखाव का अवलोकन एवं देशज नस्लों के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु किये जा रहे कार्यों को देखा। म.प्र.राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम अंतर्गत बुल मदर फार्म एवं संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी अंतर्गत स्थित डेयरी एस्टेट में दुग्ध उत्पादन फार्म का अवलोकन एवं संचालन पद्धति/प्रक्रिया का अध्ययन व फार्म पर रखी गई पशुओं की नस्लों एवं उनकी उत्पादकता की जानकारी तथा विगत तीन वित्तीय वर्षों की प्रक्षेत्रवार लाभ/हानि की जानकारी, आय के साधन एवं व्यय मदवार एवं उपलब्ध अन्य संसाधनों का अवलोकन एवं देशीय नस्लों के संवर्धन एवं संरक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की गई। विकास निगम द्वारा समिति के सदस्यों का अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात् मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम गोविंदपुरा भोपाल में समीक्षा बैठक कर बीज प्रक्रिया केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही सांची दुग्ध प्लांट एवं नवीन लैब का निरीक्षण किया गया, जहां किसानोंसे दूध कलेक्शन की स्थिति, प्रोडक्ट का प्रोडक्शन, नई लैब का निरीक्षण एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य विधायकगण उमाकांत शर्मा, श्रीकांत चतुर्वेदी, नरेंद्र प्रजापति, साहिबसिंह गुर्जर, विधानसभा अधिकारी अरविंद शर्मा, महावीरसिंह सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# नरवाई जलाने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

### जिले में अब तक 40 प्रकरणों में 1.42 लाख से अधिक राशि का जुर्माना



**नीमच, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। रविवार को गांव रेवली- देवली के एक किसान द्वारा अपने खेत में नरवाई जलाने पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार तहसीलदार नीमच ग्रामीण द्वारा किसान के विरूद्ध नीमच सिटी थाने में एफ.आई.आर दर्ज करवाई गई है। जिले में नरवाई जलाने पर अब तक कुल 40 प्रकरणों में एक लाख 42 हजार 500 रूपये का अर्थदण्ड राजस्व अधिकारियों द्वारा आरोपित किया गया है। जिले में म.प्र (वायु प्रदूषण निवारण नियत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 19(5) के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा एक मार्च 2025 से जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबधात्मक आदेश लागू किया गया है।

तहसीलदार श्री प्रेमशकर पटेल ने बताया, कि 20 अप्रैल को नरवाई जलाने और इससे आस-पास के खेतों में आग लगने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए किसान सूरजमल पिता रामेश्वऔर ब्राहमण निवसी रेवली-देवली के विरूद्ध बी.एस.एन की धारा 223 के तहत नीमच सिटी पुलिस थाने में अपराध पंजीबृद्व करवाया गया है।इसके अतिरिक्त पटवारी श्री रविन्द्र सिंह द्वारा नरवाई जलाने सम्बधी सूचना नही देने और कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर पटवारी को निलम्बित कर दिया गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली निकाली

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावडी सार्वजनिक कुंआ की स्वच्छता और संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह अभियान जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कई गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा शासकीय विद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता हेतु निबंध प्रतियोगिता की गई एवं गांव में जल गंगा संवर्धन की जागरूकता रैली निकाली गई।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रेमपुरिया में चौपाल सम्पन्न

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जनअभियान परिषद द्वारा भानपुरा ब्लॉक के ग्राम प्रेमपुरिया मेंग्राम के नागरिको को चौपाल आयोजित कर जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में जानकारी दी गई। चौपाल के दौरान उन्हे बताया गया कि जल हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य है। जल की एक-एक बूंद का महत्व हमें समझना होगा। जल को व्यर्थ ना बहावेऔर जल का सदुपयोग करेंहमारे जल स्रोत जैसे- कुआ, बावड़ी, तालाब,पानी की टंकी, हैंडपंप आदि स्थानों को सुरक्षित एवं साफ सुथरा करनै हेतू प्रयास करें। जल



के इस महत्वपूर्ण संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। जल को स्वच्छ बनाना है। एवं अपव्यय को रोकना है। यह कार्य किसी एक का नहीं है, यह कार्य हम सभी का है। क्योंकि जल का उपयोग हम सभी करते हैं। हमारे सभी के लिए जल का सदुपयोग करना और बचाना यह मानवीय कर्तव्य और हमारा उत्तरदायित्व भी है। चौपाल के पश्चात सभी लोगों को जल बचाने हेतु शपथ दिलाई गई। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत दीवार लेखन भी किया गया।



## देवी अहिल्याबाई का त्रिशताब्दी समारोह मनाया

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई का त्रिशताब्दी मनाया गया जिसमें छात्रों को इनकी जीवनी, से जुडी एक शार्ट फिल्म दिखाई गई। जिससे स्वात्रों. ने अहिल्याबाई के बचपन से लेकर सम्पूर्ण जीवन की जानकारी दी गई। अहिल्याबाई इनके जीवन से जुडे हुए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय में किया गया; जिसमें पोस्टर । मैकिंग, निबंध लेखन वाद-विवाद, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी रही। इन, प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियो द्वारा उत्साहपुर्वक भाग लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य महोदय श्री रामान्नुय प्रवास, गोपाल जोशी. बंशीलाल शर्मान्सू एवं मंजू राठौर दाएं है उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाए गए। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरुस्कृत दिया गया गया।

# इंडस्ट्रियल सिस्टर सिटी के रूप में उभरता मप्र का नया टेक्सटाइल हब नीमच

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने नीमच में किया स्वराज सूटिंग्स का लोकार्पण और सुविधि रेयॉन्स का भूमिपूजन



**नीमच, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश का नीमच जिला अब राजस्थान के भीलवाड़ा की इंडस्ट्रियल सिस्टर सिटी के रूप में तेजी से उभर रहा है। यहां दो प्रमुख टेक्सटाइल परियोजनाओं की शुरुआत से एक नया टेक्सटाइल हब आकार ले रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज, 20 अप्रैल को स्वराज सूटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रथम चरण का लोकार्पण और सुविधि रेयॉन्स प्राइवेट लिमिटेड का भूमिपूजन कर इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। ये दोनों परियोजनाएं नीमच को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर उप मुख्यममंत्री श्री जगदीश देवड़ा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री सत्यणनारायण जटिया, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायकगण श्री ओमप्रकाश सखलेचा, श्री दिलीपसिंह परिहार, श्री अनिरूद्व मारू , जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान एवं जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा सहित अधिकारीगण एवं बडी संख्या में उद्योगपति और बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित था।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नीमच अब भीलवाड़ा की इंडस्ट्रियल सिस्टर सिटी के रूप में पहचान बना रहा है। स्वराज सूटिंग्स और सुविधि रेयॉन्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां, जो भीलवाड़ा से नीमच आई हैं, न केवल निवेश लेकर आई हैं, बल्कि हजारों लोगों, विशेष रूप से महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी सृजित कर रही हैं। नीमच अब टेक्सटाइल क्षेत्र में नया इतिहास लिखने को तैयार है, जो मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर भारत के सपने की ओर अग्रसर करेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने में मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, और रोजगार आधारित विकास के लिए राज्य सरकार ने कई ठोस कदम उठाए हैं। हाल ही में भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे 21.4 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रीवा, उज्जैन, जबलपुर और नर्मदापुरम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव्स के माध्यम से निवेश को छोटे जिलों तक पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास दिलाया कि आज नीमच में केवल टेक्सटाइल इकाइयों का शुभारंभ नहीं हुआ है, बल्कि नीमच की एक नई औद्योगिक पहचान स्थापित हो रही है। हम हर हाथ को हुनर, हर जिले को उद्योग और हर परिवार को समृद्धि का अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने निवेशकों और नागरिकों से आत्मनिर्भर और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण में सहयोग देने की अपील की।

**स्वराज सूटिंग्स: डेनिम फैब्रिक में वैश्विक पहचान झांझरवाड़ा (जिला नीमच) में स्थित:-** मेसर्स स्वराज सूटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की चरणबद्ध टेक्सटाइल परियोजना के प्रथम चरण का लोकार्पण रामपुरा (जिला नीमच) में संपन्न हुआ। इस चरण में 150 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिससे 750 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। परियोजना की कुल लागत 450 करोड़ रुपये है, जो विभिन्न चरणों में क्रियान्वित की जाएगी। यह निवेश जबलपुर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 के दौरान प्रस्तावित हुआ था। कंपनी के प्रवर्तक नासिर खान हैं। स्वराज सूटिंग्स, जिसकी स्थापना 2003 में भीलवाड़ा (राजस्थान) में हुई थी, वस्त्र उद्योग में एक प्रतिष्ठित नाम है। नीमच के झांझरवाड़ा क्षेत्र में कंपनी पहले ही 700 करोड़ रुपये की लागत से एक इकाई स्थापित कर चुकी है, जिससे 2000 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। वर्तमान में कंपनी की वार्षिक डेनिम फैब्रिक प्रोसेसिंग क्षमता 1.5 करोड़ मीटर है, और यह भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सक्रिय है।

**सुविधि रेयॉन्स: फार्म टू फैशन की ओर अग्रसर:-** ग्राम मोरवन (जावद, जिला नीमच) में सुविधि रेयॉन्स प्राइवेट लिमिटेड की टेक्सटाइल निर्माण इकाई के भूमिपूजन का आयोजन इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। यह परियोजना 31 हेक्टेयर क्षेत्र में 350 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित की जाएगी, जिससे लगभग 2000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह इकाई फार्म टू फैशन की अवधारणा को रूप देगी, जिसमें कच्चे माल की खरीद किसानों से लेकर फिनिश्ड फैब्रिक तक की संपूर्ण प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर संपन्न होगी। यह एक पूर्णत: एकीकृत टेक्सटाइल पार्क होगा, जिसमें 168 आधुनिक लूम्स, 30,000 स्पिंडल्स और तीन प्रोसेसिंग हाउस स्थापित किए जाएंगे। कंपनी के प्रमुख निवेशक राकेश दुबे तंवर ने बताया कि उनकी कंपनी को 25 वर्षों का अनुभव है, और वह गुणवत्ता, समयबद्ध आपूर्ति एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण केलिए जानी जाती है। परियोजना का प्रथम चरण 31 मार्च 2028 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

**बदलता हुआ नीमच का औद्योगिक परिदृश्य:-** एमपीआईडीसी उज्जैन के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश राठौड़ ने बताया कि नीमच का औद्योगिक विकास अब केवल टेक्सटाइल तक सीमित नहीं है। पिछले वर्ष सगराना में 3000 करोड़ रुपये की गोल्डक्रस्ट सीमेंट परियोजना का भूमिपूजन किया गया था। झांझरवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में अब कोई खाली भूमि नहीं बची है और यहां 8000 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। निवेश की बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य सरकार अब चीताखेड़ा में एक नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी भूमि आवंटन, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, कर प्रोत्साहन और तेज अनुमोदन प्रणाली जैसे उपायों से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1070 से अधिक इकाइयों को भूमि आवंटन पत्र जारी किए गए, 330 से अधिक इकाइयों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण हुआ, और 5262 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता उद्योगों को प्रदान की गई।

## नि:शुल्क चिकित्सा जॉच शिविर 30 को

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्व. श्री दलीचंदजी, स्व. श्रीमती कंचनदेवी, स्व. श्री कुंदनलालजी, स्व. श्री गोपालजी गर्ग (केड़िया) की स्मृति में नन्द सेवा संकल्प समिति और श्री प्रहलाद गर्ग फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान मे दिनांक 30 अप्रैल बुधवार को प्रात: 9 बजे से 2 बजे तक पियुष ट्रेडर्स, लिटिल किंगडम स्कूल के पास, नईआबादी मन्दसौर पर जीसीएस हॉस्पिटल अहमदाबाद के ख्यातनाम चिकित्सको द्वारा विशाल नि: शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष दयाराम चौहान ने देते हुए बताया कि इस शिविर में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ (ऑर्थो स्पाइन), मूत्र रोग विशेषज्ञ (न्यूरो सर्जन), हार्ड रोग विशेषज्ञ (जनरल फिजिशियन), ऑपरेशन विशेषज्ञ (जनरल सर्जन) अपनी सेवाए देंगे। नन्द सेवा संकल्प समिति और श्री प्रहलाद गर्ग फाउण्डेशन ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर शिविर को सफल बनाने की अपील की है। शिविर में भाग लेने के इच्छुक रोगी अपना पंजीयन अवश्य करवाए एवं अपनी पुरानी जांचे साथ में लाए। समय का विशेष ध्यान दे। शिविर में दवाइयां नि: शुल्क वितरीत की जायेगी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 920 | 2115 | 2311 |
| उडद | 15 | 4900 | 6299 |
| सोयाबीन | 4758 | 4000 | 4486 |
| गैहु | 12000 | 2410 | 2760 |
| चना | 693 | 5521 | 5800 |
| मसुर | 105 | 5910 | 6213 |
| धनिया | 298 | 4900 | 8150 |
| लहसुन | 20000 | 2500 | 7810 |
| मैथी | 1238 | 4000 | 5351 |
| मुंगफली | 1413 | 4400 | 5400 |
| अलसी | 1788 | 6700 | 7511 |
| सरसो | 471 | 5300 | 5859 |
| तारामीरा | 5 | 5440 | 5487 |
| इसबगोल | 170 | 9300 | 12700 |
| प्याज | 3236 | 200 | 832 |
| कलोंजी | 26 | 18500 | 20000 |
| तुलसी बीज | 2 | 11400 | 12303 |
| डॉलर | 80 | 6500 | 9125 |
| तिल्ली | 3 | 8200 | 9001 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 7 | 4081 | 4700 |
| असालीया | 66 | 6580 | 7181 |
| चियाबीज | 98 | 10452 | 13081 |

